तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, शुक्रवार 29 मई 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 जिले में अकीदत और भाईचारे के साथ मनी ईद-उल...

11 धर्म स्तंभ कौंसिल का सेवा अभियान तेज ....


## एम्बुलेंस में गूंजी किलकारी : 108 संजीवनी एक्सप्रेस कर्मियों की सूझबूझ से सुरक्षित प्रसव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

आपातकालीन स्वास्थ्य सेवा 108 संजीवनी एक्सप्रेस एक बार फिर गर्भवती महिला के लिए जीवन दायिनी साबित हुई। 108 एम्बुलेंस कर्मियों की तत्परता, सूझबूझ और संवेदनशीलता से रास्ते में ही एम्बुलेंस के भीतर सुरक्षित प्रसव कराया गया।

■ सीमित संसाधनों में 108 कर्मियों ने निभाई बड़ी जिम्मेदारी

वर्तमान में जच्चा और नवजात दोनों स्वस्थ हैं तथा मेकाहारा रायपुर में उनका उपचार जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम आनंदगांव निवासी 24 वर्षीय श्रीमती मानसी पति दीपक को गर्भावस्था संबंधी जटिलता के चलते जिला चिकित्सालय बेमेतरा में भर्ती कराया गया था। महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने बेहतर उपचार के लिए उन्हें मेकाहारा रायपुर रेफर किया।

सूचना मिलते ही 108 संजीवनी एक्सप्रेस के पायलट नीलमणि एवं ईएमटी कलावती गायकवाड़ जिला अस्पताल पहुंचे और गर्भवती महिला को लेकर रायपुर के लिए रवाना हुए। रायपुर पहुंचने से पहले धरसींवां के पास महिला को अचानक तेज प्रसव पीड़ा शुरू हो गई।

### रास्ते में शुरू हुई प्रसव पीड़ा, एम्बुलेंस में कराया गया डिलीवरी



#### बेहतर उपचार के लिए मेकाहारा में भर्ती कराया गया

स्थिति की गंभीरता को समझते हुए ईएमटी कलावती गायकवाड़ ने परिजनों की सहमति और पायलट नीलमणि के सहयोग से एम्बुलेंस में ही प्रसव कराने का निर्णय लिया। सीमित संसाधनों के बीच सभी आवश्यक चिकित्सकीय सावधानियों का पालन करते हुए सुरक्षित प्रसव कराया गया, जिसके बाद महिला ने एक स्वस्थ शिशु को जन्म दिया। सुरक्षित प्रसव के बाद जच्चा और नवजात को बेहतर उपचार एवं निगरानी के लिए मेकाहारा रायपुर में भर्ती कराया गया, जहां दोनों स्वस्थ बताए जा रहे हैं। विपरीत परिस्थितियों में मानवता और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय देने पर परिजनों ने 108 संजीवनी एक्सप्रेस टीम, ईएमटी कलावती गायकवाड़ और पायलट नीलमणि के प्रति आभार व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप

### मंत्री का ओएसडी बताकर धमकाने वाला गिरफ्तार

**भिलाई।** गृह मंत्री का ओएसडी बताकर खिलाड़ियों को धमकाने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि दीन दयाल उपाध्याय स्टेडियम खुर्सीपार में क्रिकेट मैच के दौरान खिलाड़ियों के साथ अभद्र व्यवहार एवं डराने-धमकाने की शिकायत मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने नेताजी चौक लिंक रोड, थाना जांजगीर चांपा निवासी सर्वेश सिंह को पकड़ा गया। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई किया है।

### पारा 45.5 डिग्री, सामान्य से 2.5 डिग्री तक ज्यादा

**दुर्ग।** नौतपा के तीसरे दिन भी हीटवेव का प्रकोप जारी रहा। बुधवार को जिले का अधिकतम तापमान 45.5 डिग्री रिकॉर्ड किया गया, जो समान्य से 2.5 डिग्री ज्यादा रहा। इसी प्रकार न्यूनतम तापमान 28.4 डिग्री रहा, जो समान्य से 1.3 डिग्री रहा। मौसम विभाग की मानें तो तापमान में आगामी दिनों में और भी बढ़ोत्तरी की संभावना बनी हुई है। पारा 47 डिग्री तक पहुंच सकता है। इस बीच अंधड़, तेज हवाओं के साथ कुछ स्थानों पर बारिश की भी संभावना बनी हुई है। नौतपा की वजह से दोपहर के समय सड़कें वीरान रहे। शाम के समय भी गर्म हवाओं की थपेड़ों ने लोगों को परेशान किया। गर्मी की वजह से एसी, कूलर और पंखों ने काम करना बंद कर दिया है। गर्मी से लोग परेशान हो रहे हैं। मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि नौतपा के 9 दिन साल के सबसे गर्म दिन माने जाते हैं। इस दौरान तापमान 40-45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है। इस समय घर से बाहर निकलना रिस्की होता है।

### आवारा मवेशियों को पकड़ने अभियान शुरू

**भिलाई।** शहर में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं, यातायात बाधा एवं नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा आवारा मवेशियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। शहर के प्रमुख मार्गों, चौक-चौराहों एवं व्यस्त बाजार क्षेत्रों में अभियान चलाकर सड़कों पर बैठे एवं घूम रहे मवेशियों को पकड़ने की कार्रवाई कर रही है। मवेशियों को पकड़कर कोसानाला गौठान भेजा जा रहा है, जहां उनके रहने, खाने-पीने एवं उपचार की समुचित व्यवस्था की गई है। गौठान में मवेशियों के लिए चारा, पानी एवं चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई गई है ताकि उन्हें सुरक्षित वातावरण मिल सके। निगम प्रशासन का कहना है कि शहर में लगातार ऐसे मामले सामने आ रहे थे, जहां सड़कों पर बैठे मवेशियों के कारण वाहन चालकों को परेशानी हो रही थी और दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती थी। विशेषकर रात्रि के समय एवं व्यस्त मार्गों पर यह स्थिति अधिक गंभीर हो जाती है। रोका-छेका विभाग की टीम कार्रवाई कर रही है।

**समीक्षा : दुर्घटना संभावित क्षेत्र का चिन्हांकन**

## सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्टर ने दुर्घटना संभावित क्षेत्रों को दुरुस्त करने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं की अध्यक्षता में जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिले की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने, सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और आम नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के संबंध में विस्तृत समीक्षा की गई और कई कड़े निर्देश जारी किए गए।



कलेक्टर ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल एक विभाग की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह सीधे तौर पर आम नागरिकों के जीवन से जुड़ी हुई है। सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय से काम करें ताकि जिले में सड़क दुर्घटनाओं के ग्राफ को न्यूनतम स्तर पर लाया जा सके। कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।कलेक्टर ने सड़कों के किनारे अवैध रूप से किए गए अतिक्रमण और बेतरतीब खड़े वाहनों के कारण होने वाली दुर्घटनाओं पर कलेक्टर ने गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने राजस्व और पुलिस विभाग को संयुक्त रूप से अभियान चलाकर हाईवे और मुख्य मार्गों से अतिक्रमण हटाने को कहा। कलेक्टर ने पुलिस और परिवहन विभाग को निर्देशित किया कि बिना हेलमेट, सीट बेल्ट न लगाने वाले, ओवरस्पीडिंग, ओवरलोडिंग और शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त चालानी कार्रवाई की जाए।विशेषकर नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने पर उनके अभिभावकों के खिलाफ भी काउंसलिंग और कार्रवाई के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग और राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले के सभी दुर्घटना संभावित क्षेत्रों और ब्लैक स्पॉट का नए सिरे से सर्वे करें। जहाँ भी आवश्यक हो, तत्काल साइन बोर्ड, गति अवरोधक (स्पीड ब्रेकर), रिफ्लेक्टर और ब्लिंकर लाइट लगाने के निर्देश दिए गए।

### आवारा पशुओं पर नियंत्रण

राष्ट्रीय राजमार्ग और प्रमुख जिला मार्गों पर बैठने वाले आवारा मवेशियों के कारण होने वाले हादसों को रोकने के लिए स्थानीय निकायों (नगर पालिका/पंचायत) को कांजी हाउस की व्यवस्था दुरुस्त करने और मवेशियों के गले में रेडियम बेल्ट लगाने की कार्रवाई तेज करने को कहा गया।

### जागरूकता अभियान

चलाया जाए कलेक्टर ने स्कूलों, कॉलेजों और प्रमुख चौक-चौराहों पर बैनर, पोस्टर और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आम जनता को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने कहा। बैठक में संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

**थानखम्हरिया पुलिस की कार्रवाई**

## 4 कट्टा देशी चना चोरी मामले में 2 आरोपी गिरफ्तार, दो नाबालिग भी शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

थानखम्हरिया पुलिस ने गोदाम से देशी चना चोरी के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि दो विधि से संघर्षरत बालकों को किशोर न्याय बोर्ड में प्रस्तुत किया गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी गए 04 कट्टा देशी चना बरामद कर लिया है, जिसकी कीमत लगभग 11 हजार रुपए बताई जा रही है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी प्रमोद सिंघानिया (47 वर्ष), निवासी वार्ड क्रमांक 03 थानखम्हरिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 22 मई 2026 की शाम से 26 मई 2026 की सुबह के बीच अज्ञात चोरों ने उनके गोदाम से 18 कट्टा में रखे 09 क्विंटल देशी चना में से 04 कट्टा, कुल 02 क्विंटल चना चोरी कर लिया। चोरी गए माल की कुल कीमत लगभग 11 हजार रुपए आंकी गई। मामले में थाना थानखम्हरिया में धारा 305(ए), 331(4), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। जांच के दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने संदेहियों



खिलेन्द्र रात्रे, टिकेश बंजारे उर्फ बोटो तथा उनके दो अन्य साथियों से पूछताछ की। पूछताछ में चारों ने 24 मई की रात गोदाम से चना चोरी करना स्वीकार किया। आरोपियों की निशानदेही पर चोरी किए गए 04 कट्टा देशी चना जूट बोरी सहित बरामद किए गए।

गिरफ्तार आरोपियों में खिलेन्द्र रात्रे (25 वर्ष) एवं टिकेश बंजारे उर्फ बोटो (19 वर्ष), निवासी वार्ड क्रमांक 01 थानखम्हरिया शामिल हैं। दोनों को 27 मई 2026 को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। वहीं दो विधि से संघर्षरत बालकों को किशोर न्याय बोर्ड में ▶▶| शेष पेज 11 पर

## खिलाड़ियों ने राज्य स्तर पर लहराया परचम, डोंगरगढ़ में वुशू स्पर्धा में बेमेतरा के खिलाड़ियों ने जीते 9 पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

डोंगरगढ़ में आयोजित 17वीं राज्यस्तरीय वुशू प्रतियोगिता में बेमेतरा जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम गौरवान्वित किया है।



प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने 5 स्वर्ण, 2 रजत एवं 2 कांस्य पदक सहित कुल 9 पदक अपने नाम किए। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से जिले में खुशी और उत्साह का माहौल है। यह प्रतियोगिता चिल्ड्रन, कैडेट, जूनियर एवं सीनियर बालक-बालिका तथा महिला-पुरुष वर्ग में आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता के विभिन्न मुकाबलों में बेमेतरा के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल, अनुशासन एवं आत्मविश्वास का परिचय देते हुए शानदार प्रदर्शन किया। स्वर्ण पदक विजेताओं में वर्तिका कश्यप, भौमिक जांगड़े, घनिष्ठ देवांगन, वसुंधरा शुक्ला एवं भानुप्रताप साहू (ताई ची) शामिल रहे। वहीं रजत पदक तेजस वर्मा एवं यशस्वी वर्मा ने हासिल किया। कांस्य पदक विजेता खिलाड़ियों में रूद्र चौहान एवं राजवीर वर्मा शामिल रहे। अकादमी के निदेशक एवं मुख्य कोच सेंसेई भानु प्रताप साहू ने खिलाड़ियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि खिलाड़ियों की कठिन मेहनत, अनुशासन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर भी बेमेतरा जिले का नाम रोशन करेंगे।

इस अवसर पर विवेक पोल, दीपक मेघवानी, भाग्यश्री पोल, डॉ. रमेश धनगर, शिल्पा राठी, धर्मेंद्र ढींगरा, नम्रता साहू सहित सभी अभिभावकों, सहयोगियों एवं खेल प्रेमियों ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

## व्यवसायिक परिसर के सामने बढ़ते अतिक्रमण से प्रभावित हो रहा व्यवसाय, पार्षद ने कार्रवाई की मांग उठाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| देवकर

तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के कार्यकाल में बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से "मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना" अंतर्गत व्यवसायिक परिसर का निर्माण कराया गया था। दुर्ग-बेमेतरा मुख्य सड़क राज्य मार्ग के किनारे सुरही नदी तट पर बनाए गए इस व्यवसायिक परिसर में युवाओं को किफायती दर पर दुकानें आबंटित की गई थीं, जहां कई युवा आज भी व्यवसाय कर अपना जीवनयापन कर रहे हैं। लेकिन अब इस योजना की सार्थकता पर सवाल खड़े होने लगे हैं। व्यवसायिक परिसर के ठीक सामने सड़क किनारे लगातार बढ़ते अतिक्रमण के कारण मूल व्यवसायियों का व्यापार प्रभावित हो रहा है। दुकानदारों का कहना है कि अवैध कब्जों के चलते उनकी बिक्री में लगातार गिरावट आ रही है, जिससे व्यवसाय को लेकर चिंता बढ़ गई है।

■ राहगीरों की सुरक्षा पर भी मंडराया खतरा



**पार्षद ने सौंपा ज्ञापन, कार्रवाई की मांग:** वार्ड क्रमांक 07 के पार्षद बीरेंद्र कुंजाम ने अतिक्रमण की समस्या को लेकर तहसीलदार एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी देवकर को ज्ञापन सौंपा है। 27 मई को दिए गए आवेदन में पूर्व एवं वर्तमान जनप्रतिनिधियों सहित 12 से 15 कब्जाधारियों का उल्लेख किया गया है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि शनिवार और रविवार की छुट्टियों का फायदा उठाकर लगातार सड़क किनारे कब्जा किया जा रहा है। शिकायत के अनुसार मुख्य मार्ग पर बढ़ते अतिक्रमण से सड़क संकरी हो गई है, जिससे भारी वाहनों की आवाजाही के दौरान राहगीरों को जोखिम का सामना करना पड़ रहा है। पिछले सप्ताह नए पुल के ऊपर दो चारपहिया वाहनों की भिड़ंत हो गई थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एक वाहन नीचे स्थित अतिक्रमित दुकानों ▶▶| शेष पेज 11 पर

### एसडीओ पीडब्ल्यूडी ने कहा- नोटिस देकर होगी कार्रवाई

इस संबंध में एसडीओ पीडब्ल्यूडी साजा सागर साहू ने कहा कि सड़क किनारे अतिक्रमण से आवागमन बाधित होने एवं सुरक्षा संबंधी जानकारी उन्हें आपके माध्यम से मिली है। मामले की जांच कर बेजा कब्जाधारियों को नोटिस जारी करते हुए कार्रवाई की जाएगी। वहीं तहसीलदार देवकर सीताराम कवर ने बताया कि वार्ड नंबर 07 के पार्षद बीरेंद्र कुंजाम द्वारा आवेदन प्राप्त हुआ है, जिसकी जांच कर बेदखली की कार्रवाई की जाएगी। **सुशासन शिविर में भी उठेगा मामला:** शिकायतकर्ता पार्षद बीरेंद्र कुंजाम ने आरोप लगाया कि वार्ड क्रमांक 01 के वर्तमान पार्षद सुरेश सिन्हा सहित अन्य लोगों द्वारा व्यवसायिक परिसर के सामने अतिक्रमण किया गया है। उन्होंने कहा कि तीन दिनों के भीतर कार्रवाई नहीं होने पर 29 मई को आयोजित सुशासन शिविर में भी शिकायत की जाएगी तथा आवश्यकता पड़ने पर उच्च अधिकारियों तक मामला पहुंचाया जाएगा।

**विधायक दीपेश साहू ने बदली राजनीति की परंपरा**

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में विधायक लेंगे सात फेरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राजनीति में जहां जनप्रतिनिधियों के विवाह समारोह अक्सर भव्यता, भीड़ और करोड़ों की चमक-दमक के लिए चर्चा में रहते हैं, वहीं बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने एक ऐसा निर्णय लिया है जिसने पूरे जिले में नई बहस छेड़ दी है।

विधायक दीपेश साहू 31 मई को मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में आम नागरिकों के साथ सात फेरे लेकर विवाह बंधन में बंधेंगे। जिले के इतिहास में यह पहला अवसर होगा जब कोई वर्तमान विधायक सरकारी योजना के सामूहिक विवाह कार्यक्रम का स्वयं हिस्सा बनेगा। शहर के ऐतिहासिक बेसिक स्कूल मैदान में आयोजित होने वाले इस समारोह में विधायक दीपेश साहू सहित कुल 24 जोड़े वैदिक मंत्रोच्चार के बीच परिणय सूत्र में बंधेंगे। इस आयोजन को लेकर जिलेभर में उत्साह और चर्चा का माहौल है। आम लोगों से लेकर सामाजिक संगठनों तक विधायक के इस फैसले को राजनीति में सादगी और सामाजिक संवेदनशीलता का नया संदेश बताया जा रहा है।



### समाज में सकारात्मक संदेश

जिले के सामाजिक और बुद्धिजीवी वर्गों ने विधायक दीपेश साहू के इस निर्णय को जनप्रतिनिधित्व की नई सोच बताया है। लोगों का कहना है कि यदि जनप्रतिनिधि स्वयं सादगीपूर्ण आयोजनों को अपनाएं, तो समाज में दिखावे और फिजूल खर्ची की प्रवृत्ति स्वतः कम हो सकती है। 31 मई को होने वाला यह सामूहिक विवाह समारोह अब केवल एक शासकीय आयोजन नहीं रह गया है, बल्कि सामाजिक परिवर्तन और जनसंदेश का केंद्र बनता दिखाई दे रहा है।

### जनप्रतिनिधि उदाहरण बनें तभी योजनाएं सफल होंगी

विधायक दीपेश साहू ने कहा कि आज विवाह समारोह सामाजिक प्रतिष्ठा की प्रतिस्पर्धा बनते जा रहे हैं, जहां जरूरत से ज्यादा खर्च गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों पर आर्थिक दबाव बढ़ाता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना केवल आर्थिक सहायता का माध्यम नहीं, बल्कि समाज में सादगी, समानता और सम्मानजनक वैवाहिक परंपरा को बढ़ावा देने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि कोई भी शासकीय योजना तभी प्रभावी बनती है, जब जनप्रतिनिधि स्वयं उसका हिस्सा बनकर समाज के सामने उदाहरण प्रस्तुत करें। मेरा प्रयास है कि लोग सामूहिक विवाह को हीन भावना से नहीं बल्कि सामाजिक सहयोग और जिम्मेदारी के रूप में देखें।

### वीआईपी संस्कृति से अलग संदेश

राजनीतिक गलियारों में विधायक का यह कदम इसलिए भी चर्चा का विषय बना हुआ है क्योंकि आमतौर पर जनप्रतिनिधियों के निजी आयोजन वीआईपी संस्कृति और बड़े आयोजनों के प्रतीक माने जाते हैं। ऐसे समय में विधायक का आम जोड़ों के साथ एक ही मंडप में विवाह करना लोगों को अलग संदेश दे रहा है। सामाजिक विश्लेषकों का मानना है कि इस पहल से मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के प्रति लोगों का विश्वास और बढ़ेगा। आर्थिक रूप से कमजोर परिवार, जो सामाजिक संकोच या झिझक के कारण सामूहिक विवाह से दूरी बनाते थे, अब इस योजना से जुड़ने के लिए प्रेरित होंगे।

अग्रसेन धाम
SENIOR LIVING HOME
A PREMIUM OLD AGE HOME

1 मई 2026 से
रजिस्ट्रेशन प्रारंभ
छत्तीसगढ़ राज्य का प्रथम प्रीमियम सीनियर लिविंग कम्युनिटी

12.5 एकड़ भूमि में निर्मित 100 सर्व सुविधायुक्त AC कमरों सहित एक लाख वर्ग फीट भवन
सभी धर्म/समुदाय के लोगों के लिए उपलब्ध
उपलब्ध सुविधाएं
• योगा कक्ष • गार्डन • लाइब्रेरी • पूजा घर • डेयरी फॉर्म • शुद्ध सात्विक भोजन • जिम
• स्विमिंग पूल • साइकिलिंग ट्रैक • लिफ्ट • जनरेटर (50KW) • इनडोर एवं आउटडोर गेम
• Wi Fi कैंपस • डॉक्टर/नर्स (24 Hrs) • एम्बुलेंस / टैक्सी (24x7 on Call)
राजेन्द्र कुमार अग्रवाल (संचालक)
चेयरमैन, अग्रसेन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस
मो. 89595 44444
स्थान- ग्राम - डंगनिया, तह.- गुण्डरदेही, (दुर्ग - बालोद मेन रोड़) (दुर्ग से 17KM) जिला - बालोद (छ.ग.)

**समस्याः किसानों ने विद्युत विभाग पर लगाया लापरवाही का आरोप**

# खेतों में 8 फीट की ऊंचाई पर झूल रहे एलटी तार, किसानों की जान खतरे में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भीषण गर्मी के बीच जहां एक ओर विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को लेकर आम उपभोक्ता परेशान हैं, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली विभाग की लापरवाही किसानों की जान पर भारी पड़ती दिखाई दे रही है।

विकासखंड कवर्धा के ग्राम बीरनपुर में खेतों के ऊपर से गुजर रहे एलटी बिजली तार मात्र 8 फीट की ऊंचाई पर झूल रहे हैं, जिससे किसानों को कृषि कार्य करने के दौरान हर समय हादसे का भय बना हुआ है। किसानों का आरोप है कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद बिजली विभाग ने अब तक समस्या के समाधान की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया है। ग्रामीण किसानों संतोष चंद्राकर, भागवत चंद्राकर एवं भगत चंद्राकर ने बताया कि उनके खेतों में नलकूप विद्युत आपूर्ति के लिए लगाए गए एलटी तार काफी नीचे झूल रहे हैं। खेतों में ट्रैक्टर, थ्रेसर और अन्य कृषि यंत्रों के संचालन के दौरान तारों से टकराने और करंट फैलने का खतरा लगातार बना रहता है।

किसानों ने कहा कि बरसात के दिनों में स्थिति और अधिक गंभीर हो जाती है, क्योंकि इसी समय खेतों की जुताई और अन्य कृषि कार्य बड़े पैमाने पर किए जाते हैं। ऐसे में किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है।



## किसान साल भर से लगा रहे हैं गुहार

किसानों ने बताया कि उन्होंने पिछले एक वर्ष के दौरान कनिष्ठ अभियंता इंदौरी, सहायक अभियंता पिपरिया तथा कार्यपालन अभियंता कवर्धा को मौखिक एवं लिखित शिकायतें दीं, लेकिन अब तक सुधार कार्य नहीं कराया गया। किसानों का कहना है कि विभागीय अधिकारी उनकी समस्याओं को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार खेतों के बीच लगे बिजली पोल लगभग 30 वर्ष पुराने हो चुके हैं और उनका नियमित रखरखाव भी नहीं किया गया है। किसानों ने मांग की है कि झुके हुए तारों के बीच नया पोल लगाकर तारों को ऊंचाई पर कसने का कार्य तत्काल कराया जाए, ताकि भविष्य में किसी दुर्घटना से बचा जा सके।

## समस्याओं के प्रति विभाग उदासीन

ग्रामीणों का कहना है कि प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक द्वारा जिले की विद्युत व्यवस्था सुधारने की लगातार बात कही जाती है, लेकिन जमीनी स्तर पर स्थिति बेहद खराब है। उनका आरोप है कि करोड़ों रुपए खर्च होने के बावजूद बिजली व्यवस्था में अपेक्षित सुधार नहीं दिखाई दे रहा, क्योंकि विभागीय अधिकारियों में कार्य के प्रति इच्छाशक्ति का अभाव है।

## लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग

किसानों ने बताया कि बिजली विभाग में कर्मचारियों की भारी कमी है। कई वितरण केंद्रों में एक लाइनमैन के भरोसे 48 से अधिक गांवों की जिम्मेदारी है, जिसके कारण मरम्मत कार्य समय पर नहीं हो पाता और छोटी समस्याएं भी लंबे समय तक बनी रहती हैं। बीरनपुर के किसानों ने शासन-प्रशासन एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि खेतों में झूल रहे बिजली तारों की समस्या का तत्काल समाधान कराया जाए। साथ ही किसानों की जान-माल से जुड़े गंभीर मामलों की अनदेखी करने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

# सात किलो गांजा के साथ उड़ीसा का अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार



■ पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 3.57 लाख रुपए का मादक पदार्थ व मोबाइल जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले में नशे एवं अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कबीरधाम पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए उड़ीसा के एक अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 7.130 किलोग्राम गांजा एवं अन्य सामग्री बरामद की गई है, जिसकी कुल अनुमानित कीमत करीब 3 लाख 57 हजार रुपए बताई गई है।

पुलिस अधीक्षक कबीरधाम धर्मेंद्र सिंह के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं अमित पटेल के मार्गदर्शन तथा डीएसपी आशीष शुक्ला के पर्यवेक्षण में जिलेभर में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स कबीरधाम, थाना कोतवाली कवर्धा एवं साइबर थाना की संयुक्त टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि पुराना बस स्टैंड कवर्धा क्षेत्र में एक व्यक्ति मादक पदार्थ की तस्करी के उद्देश्य से घूम रहा है।

सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी कर संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम लालू माडी पिता देबे माडी उम्र 41 वर्ष निवासी टाण्डापाली थाना मलखानगिरी जिला मलखानगिरी (उड़ीसा) बताया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास मौजूद नीले रंग के पिठ्ठू बैग से खाकी टेप से लिपटा पैकेट बरामद हुआ। जांच करने पर पैकेट के भीतर कुल 7.130 किलोग्राम गांजा पाया गया। बरामद गांजा की अनुमानित कीमत 3 लाख 56 हजार 500 रुपए आंकी गई है। इसके अलावा आरोपी के पास से एक की-पैड मोबाइल फोन भी जब्त किया गया।

## पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज किया मामला

पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध थाना कवर्धा में अपराध क्रमांक 00/2026 के तहत धारा 20(बी)(11)(सी) एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। आरोपी से पूछताछ के आधार पर मादक पदार्थ तस्करी से जुड़े नेटवर्क और सप्लाई चेन की जानकारी जुटाई जा रही है।

## नशा कारोबारियों के खिलाफ अभियान रहेगा जारी

कबीरधाम पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जिले में नशे का कारोबार करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले तस्करों के लिए जिले में कोई जगह नहीं है और ऐसे अपराधियों को कानून के दायरे में लाकर न्यायालय तक पहुंचाना पुलिस की प्राथमिकता है।

## खबर संक्षेप

### तीन सीएलएफ का किया गया निरीक्षण

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ समावेशी आजीविका योजना का केंद्र एवं राज्य शासन की संयुक्त टीम द्वारा अर्धवार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में केंद्र एवं राज्य के दल ने जिले के इंद्रावती संकुल स्तरीय संगठन - कुकदूर, सवेरा संकुल स्तरीय संगठन -बैजलपुर एवं भोरमदेव संकुल स्तरीय संगठन राजानवागांव का भ्रमण किया। इस दौरान ब्रॉक इंटरनेशनल ट्रिकल अप एवं इमागो के प्रतिनिधियों ने परियोजना की प्रगति एवं समुदाय स्तर पर हो रहे कार्यों का अवलोकन किया। निरीक्षण दल ने सीएलएफ पदाधिकारियों, ग्राम संगठन सहित अन्य से चर्चा कर जानकारी प्राप्त की। गांव में योजना से जुड़े लोगों के साथ बैठक कर अत्यंत गरीब एवं कमजोर परिवारों की पहचान, चयन प्रक्रिया, ग्राम संगठन एवं सीएलएफ की भूमिका तथा परियोजना के क्रियान्वयन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से बात की। मिशन दल ने कोच दीदियों के साथ संवाद कर उनके कार्यों, घरों का नियमित भ्रमण, परिवारों को दिए जा रहे मार्गदर्शन,सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ने के कार्य तथा आजीविका गतिविधियों को बढ़ावा देने के प्रयासों कि सराहना की।

### पुनर्गणना का परिणाम किया गया घोषित

**कवर्धा।** दुर्ग के हेमचंद विवि के पुनर्गणना परिणाम जारी किया है। सेमेस्टर परीक्षा दिसंबर-जनवरी 2025-26 परीक्षा परिणाम घोषणा उपरांत परीक्षार्थियों द्वारा पुनर्गणना आवेदन के आधार पर परीक्षाफल घोषित किए गए है। इसमें एलएलबी तृतीय सेमेस्टर, एमकॉम प्रथम सेमेस्टर, एमएससी (रसायनशास्त्र) तृतीय सेमेस्टर शामिल है।

# जिपं क्षेत्र क्रमांक 1 में अभूतपूर्व विकास कार्यः दीपा धुर्वे

■ एक वर्ष में 1.09 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की मिली सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोदवागोडान



जन जाति बाहुल्य जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 01 की तेज तर्रार जिला पंचायत सभापति श्रीमती दीपा पप्पू धुर्वे के प्रयासों से महज एक वर्ष में 1,09,50,856 रूपए की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों की स्वीकृति मिली है। इससे क्षेत्र की सड़कों, पेयजल, शिक्षा और जल संरक्षण को लेकर अंचलवासियों को काफी राहत मिली है।

गत दिनों हरिभूमि संवाददाता के साथ अनौपचारिक चर्चा के दौरान पूछे गए सवालों के जवाब में श्रीमती धुर्वे ने अपने कार्यकाल की उपलब्धियों का लेखा जोखा देते हुए बताया कि उनके द्वारा क्षेत्र की जरूरतों और ग्रामीणों की मांग के आधार पर अधोसंरचना विकास को प्राथमिकता देते हुए बड़े पैमाने पर सीसी रोड निर्माण को मंजूरी दिलाई गई है।

जिनमें ग्रापं कामठी आश्रित ग्राम कड़मा ग्रापं पोलमी के भेंड़ागढ़ एवं लोखान तथा ग्रापं डालामउहा के चियांडांड (प्रत्येक पंचायत में 5,20,000 रूपए की लागत से सीसी रोड निर्माण, ग्राम पंचायत मुनमुना में 7,80,000 रूपए तथा ग्राम पंचायत विचारपुर आश्रित ग्राम टकटोईया में 2,60,000 रूपए की लागत से सीसी रोड निर्माण की मंजूरी मिली। साथ ही गांव की जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए ग्राम पंचायत महिडबरा में 8,82,386 रूपए की लागत से पक्की नाली निर्माण की स्वीकृति दी गई है। जिला पंचायत सदस्य का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं और शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए विशेष प्रयास किए गए हैं।

इसके तहत ग्राम चियांडाड़ के शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला में शुद्ध पेयजल और प्रकाश व्यवस्था के लिए प्रति विद्यालय 1,76,477 रूपए की लागत से आरओ मशीन एवं एलईडी लाइट की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही ग्रामीणों के लिए 2,24,000 रूपए की लागत का पानी टैंकर भी स्वीकृत किया गया है। श्रीमती धुर्वे के अनुसार जल संकट से निपटने और जल संवर्धन को बढ़ावा देने के लिए ग्रापं कामठी में 18,17,159 रूपए तथा ग्रापं बदना आश्रित ग्राम घोघरा खुर्द में 16,50,200 रूपए की भारी-भरकम लागत से चेकडैम निर्माण की मंजूरी दी गई है। इसी तरह पेयजल संकट के समाधान में ग्रापं छींदीडीह के आश्रित ग्राम सारपानी, भेंड़ागढ़, परसेलखार, मुनमुना भर्रीखार, कुल्लूपानी बदौरा, माठपुर, कोदवागोड़ान एवं कामठी सहित कई गांवों में नए बोर खनन एवं हेडपंप स्थापना कार्यों को हरी झंडी दी गई है। इसके अलावा ग्रापं मंझोली रवन में अंतिम संस्कार के दौरान ग्रामीणों की सुविधा के लिए जहां 3,25,863 की लागत से मुक्ति धाम शेड का निर्माण कराया जा रहा है वहीं ग्राम पंचायत खाम्ही में पंचायत भवन के रख-रखाव और बेहतर कार्य संचालन के लिए 3,52,954 रूपए की लागत से फर्नीचर एवं अन्य आवश्यक कार्य स्वीकृत किए गए हैं।

उन्होंने कहा कि वनांचल क्षेत्र की जनता ने मुझ पर भरोसा जताते हुए मेरे कंधो पर जो जिम्मेदारी सौंपी है उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाऊंगी। क्षेत्र की जनता का प्यार और आशीर्वाद मुझे मिल रहा है जो मेरी असली पूंजी है।

# ग्राम पंचायत मानिकचौरी में गहराया जल संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के विकासखण्ड कवर्धा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत मानिकचौरी में इन दिनो पानी को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। भीषण गर्मी और तपती धूप के बीच यहां के ग्रामीण पानी की गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं। हैरान करने वाली बात यह है कि हर घर जल और विकास के बड़े-बड़े दावे करने वाला जिला प्रशासन और क्षेत्र के जिम्मेदार जनप्रतिनिधि भी इस गंभीर संकट पर पूरी तरह मौन साधे बैठे हैं, जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। स्थानीय ग्रामीणों की माने ग्राम पंचायत मानिकचौरी में वर्तमान स्थिति यह है कि अधिकांश हैंडपंप या तो सूख चुके हैं या पूरी तरह दम तोड़ चुके हैं। पेयजल की उचित व्यवस्था न होने के कारण ग्रामीण महिलाओं को इस चिलचिलाती धूप में दूरदराज के निजी नलकूपों या खेतों से पानी ढोकर लाना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि स्थिति इतनी बत्तर है कि पानी के जुगाड़ में ही उनका पूरा दिन बीत रहा है, जिससे उनका दैनिक रोजगार भी प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन तथा क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों में से पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था दुरूस्त कराए जाने की मांग की है।

# जंगल से भटककर आबादी क्षेत्र पहुंचा हिरण, आवारा कुत्तों ने किया हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भीषण गर्मी और जंगल में गहराते जल संकट के कारण वन्यजीव गांवों की ओर रुख करते नजर आ रहे हैं। इसी कड़ी में रेंगाखार वन क्षेत्र में प्यास से बेहाल एक हिरण भटककर तितरी गांव पहुंच गया।

बताया जाता है कि आबादी क्षेत्र में पहुंचे हिरण पर कुछ आवारा कुत्तों की नजर पड़ गई और कुत्ते उसे अपना शिकार बनाने भिड़ गए। बताया जाता है कि इस बीच कुत्तों से जान बचाने के लिए हिरण खेतों की ओर भागा, लेकिन वहां लोहे के कंटीले तारों में उलझकर घायल हो गया। इसे गनीमत ही कहें की ग्रामीणों ने साहस दिखाते हुए कुत्तों को भगाया और घायल हिरण को तारों से मुक्त कराया। बाद में इसकी सूचना वन विभाग को दी गई। वन विभाग की टीम हिरण को अपने कब्जे में लेकर इलाज कर रही है।



## जिले के जंगलों में गहराया पानी का संकट

भीषण गर्मी के बीच रेंगाखार जंगल क्षेत्र में जल संकट गंभीर होता जा रहा है। वन विभाग द्वारा बनाए गए 8 तालाब पूरी तरह सूख चुके हैं। कृत्रिम डबरी या वैकल्पिक जल व्यवस्था नहीं होने से वन्यजीव पानी के लिए भटक रहे हैं। क्षेत्र की नदियों और प्राकृतिक धाराओं का पानी भी खत्म हो चुका है। जिससे वन्यप्राणियों को अपनी प्यास बुझाने के लिए भटकना पड़ रहा है। ऐसे में बेहतर यही होगा कि वन विभाग इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए समस्या का समाधान करे।

# धरमगढ़ धान उपार्जन केन्द्र में 37 लाख की धान खरीदी घोटाले का जांच में बड़ा खुलासा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले में धान खरीदी व्यवस्था की सघन जांच के दौरान धरमगढ़ सेवा सहकारी समिति में बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितता उजागर हुई है। खाद्य विभाग की प्रारंभिक जांच में करीब 1200 क्विंटल धान की कागजी खरीदी पाए जाने का मामला सामने आया है, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 37 लाख रुपए बताई जा रही है।

जांच में रिकॉर्ड और वास्तविक भंडारण में भारी अंतर मिलने के बाद प्रशासन ने इसे गंभीर अनियमितता मानते हुए समिति प्रबंधक और ऑपरेटर के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की तैयारी शुरू कर दी है।

कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश पर जिलेभर के उपार्जन केंद्रों में जांच अभियान तेज कर दिया गया है। खाद्य विभाग की टीम ने धरमगढ़ सेवा सहकारी समिति पहुंचकर समिति प्रबंधक ललित सेंगर एवं ऑपरेटर राजकुमार ठाकुर की मौजूदगी में धान के भंडारण और दस्तावेजों का भौतिक सत्यापन किया। जांच के दौरान कई बोरे निर्धारित मानक से कम वजन के पाए गए। एक बोरे का वजन मात्र 24.800 किलोग्राम दर्ज किया गया, जिससे धान तौल और भंडारण प्रक्रिया में गंभीर गड़बड़ी की पुष्टि हुई। अधिकारियों ने दस्तावेजों और वास्तविक स्टॉक का मिलान किया तो बड़ी मात्रा में अंतर सामने आया। जांच दल ने मौके पर विस्तृत प्रतिवेदन तैयार कर उच्च अधिकारियों को सौंप दिया है। मामले में समिति प्रबंधक ललित सेंगर तथा ऑपरेटर राजकुमार ठाकुर के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। प्रशासन का कहना है कि धान खरीदी व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही या भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## समिति प्रबंधक-ऑपरेटर पर होगी एफआईआर



कलेक्टर गोपाल वर्मा ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि शासन की समर्थन मूल्य खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि जिले के सभी उपार्जन केन्द्रो में लगातार जांच जारी रहेगी तथा अनियमितता पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जांच दल में खाद्य अधिकारी चन्द्रशेखर देवांगन, सहायक खाद्य अधिकारी दलेश्वर साहू, खाद्य निरीक्षक अमित द्विवेदी, अनामिका ठाकुर, निधि वर्मा, सहकारिता निरीक्षक प्रवेश तिवारी सहित अन्य अधिकारी शामिल रहे।

**लोगों ने गले लगाकर एक दूसरे को दी ईद-उल-जुहा की बधाई**

# ईद-उल-जुहा पर मांगी गई अमनो सुकून की दुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी कवर्धा नगर सहित समूचे अंचल में ईद-उल-जुहा बकरीद धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर मुस्लिम समाज के लोगों ने जिला मुख्यालय कवर्धा स्थित ईदगाह में अलग- अलग दो वक्तों में ईद की नमाज अदा की।

पहली नमाज सुबह 7.30 बजे हाफिज मुफ्ती मारुफ रजा पेशईमाम जामा मस्जिद तथा दूसरी नमाज सुबह 9.00 बजे हाफिज मकबूल रजा की ईमामत में अदा की गई। हाफिज मुफ्ती मारुफ रजा ने अपने मुल्के वतन हिन्दुस्तान, सूबए छत्तीसगढ़ सहित शहरे कवर्धा में अमनो सुकून व आपसी भाईचारा की दुआ मांगी। ईद-उल-जुहा बकरीद के मौके पर शहर व आसपास के सैकड़ों मुस्लिम समाज के लोगों ने ईद की नमाज अदाकर आपस में एक दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद पेश की।



इस संबंध में मुस्लिम समाज के हाजी सलीम हिंगोरा ने बताया कि ईद-उल-जुहा ईब्राहीम अलैह एवं हजरत ईस्माईल अलैह की याद में मनाया जाता है। हजरत ईब्राहीम अलैह को खुदा की जानिब से ख्वाब आया कि तुम हमारी राह में कुर्बानी पेश करो तो हजरत ईब्राहीम अलैह ने सौ ऊंटो की कुर्बानी पेश की फिर अगली रात में ख्वाब आता है तुम अपने सबसे अजीज चीज हमारी राह में कुर्बान करो तो हजरत ईब्राहिम फौरन समझ जाते हैं कि मेरा सबसे अजीज ईकलौता फरजंद पुत्र हजरत ईस्माईल अलैह जो उन्हे बहुत मिन्नतों मुराद से बुढ़ापे में पैदा हुआ था उन्होंने फौरन अपने पुत्र फरजंद को ख्वाब की दास्तां बताई तो उनके परजंद हजरद ईस्माईल अलैह ने कहा बाबा जान ये खुदा का हुक्म है आप फौरन अमल किजिए मुझे साबिर सब्र करने वाला पायेंगे। तब हजरत ईब्राहिम अलैह अपने फरजंद पुत्र हजरत ईस्माईल को मीना के कुर्बानगाह लेकर पहुंचे। जहां उन्होंने हजरत ईस्माईल को लिटाकर उनके हलक में छुरी चलानी चाही परन्तु छुरी नहीं चली।

खुदा की जानिब से फरिस्ते को हुक्म दिया गया कि जन्नती दुम्बा बकरे की शक्ल का हाजिर करें और हजरत ईब्राहीम के बदले दुम्बा कुर्बान हो जाता है। खुदा को हजरत ईब्राहिम व हजरत ईस्माईल की ये अदा बेहद पसंद आ जाती है तब से हर साल (साहिबे निसाब) मालदार मुसलमानो पर बकरे की कुर्बानी करना वाजिब हो जाता है।

## नगर में सुरक्षा के रहे पुख्ता इंतजाम

ईद-उल-जुहा के मौके पर पुलिस प्रशासन द्वारा कवर्धा सहित जिले के दूसरे संवेदनशील ईलाकों में सुरक्षा पुख्ता इंतजाम कर रखे थे। जिसके चलते पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की कोई अप्रिय घटना सामने नहीं आई है और पर्व शांति, सौहार्द पूर्ण ढंग से मनाया गया।

# अभियान के तहत दीवार लेखन कर लोगों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

प्रदेश भर में चल रहे तारुण्यवार्ता पीरियड्स पर खुलकर अभियान के दौरान बीएसजी कवर्धा की टीम गांव-गांव में लोगों को जागरूक करने के लिए दीवाल लेखन का कार्य कर रही है।

मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन के लिए सभी जागरूक रहे हमेशा अपने एवं परिवारजनों के लिए सजग रहे साथ स्वच्छता/स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें । इसके लिए रोवर/रेंजर कवर्धा ने दीवाल में विभिन्न स्लोगन लिखकर लोगों को जागरूक करने का कार्य कर रहे है। माना जा रहा है कि इस विषय को लेकर कई बार लोग झिझकते हैं जिससे यह उपाय बेहद कारगर साबित हो रहा है।




विभिन्न स्लोगन और वाल पेंटिंग के माध्यम से लोगों की सीधे नजर पड़ती है और उसके बारे में जानने अथवा सही जानकारी रखने की भाव जागृत होता है।

इस जागरूकता अभियान को ऐसे ही विभिन्न माध्यमो के साथ लोग तक पहुंचने का अवसर बना रहे हैं, ताकि इस विषय पर लोग खुलकर चर्चा कर सकें एवं स्वच्छ एवं स्वस्थ समाज का निर्माण हो।

दीवाल लेखन कार्य में बड़ी संख्या में बीएसजी कवर्धा के स्काउटर/गाईडर, रोवर/रेंजर्स, स्काउट/गाइड उपस्थित होकर एवं अपनी सेवाएं प्रदान की।

## खबर संक्षेप

### मोर सेवा संगवारी योजना से घर बैठे मिल रहे ऑनलाइन दस्तावेज

**भिलाई।** शासन की महत्वाकांक्षी योजना ''मोर सेवा संगवारी'' के तहत नागरिकों को विभिन्न प्रकार के ऑनलाइन दस्तावेज एवं प्रमाण पत्र आसानी से उपलब्ध कराए जा रहे हैं।



इस योजना का उद्देश्य आम नागरिकों को शासकीय सेवाओं का लाभ सरल, सुगम एवं घर बैठे उपलब्ध कराना है। नगर पालिक निगम भिलाई में इस योजना के अंतर्गत नागरिक टोल फ्री नंबर 14545 पर निःशुल्क कॉल कर मोर सेवा संगवारी के एजेंट को अपने घर बुला सकते हैं। एजेंट द्वारा नागरिकों से आवश्यक जानकारी एवं दस्तावेज प्राप्त कर ऑनलाइन प्रक्रिया पूर्ण की जाती है, जिससे लोगों को कार्यालयों के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ती। मोर सेवा संगवारी योजना के माध्यम से आय, निवास, जाति प्रमाण पत्र सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज एवं सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध कराई जा रही हैं। नगर निगम प्रशासन ने नागरिकों से शासन की इस जनहितकारी योजना का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की है। साथ ही कहा है कि किसी भी प्रकार की ऑनलाइन दस्तावेज संबंधी आवश्यकता होने पर टोल फ्री नंबर 14545 पर संपर्क कर सुविधा प्राप्त की जा सकती है।

### रमशीला दयाराम ने याद किया स्व. सिन्हा को

**अंडा।** छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता रूप नारायण सिंह के निधन पर पूर्व विधायक दंपति (पूर्व मंत्री) रमशीला साहू और डॉ. दयाराम साहू ने शोक व्यक्त किय है। साहू दंपति ने इसे अपनी व्यक्तिगत क्षति बताई है। साहू दंपति ने कहा कि स्व. सिन्हा ने विश्व हिंदू परिषद में संगठन मंत्री के रूप में भी महत्वपूर्ण दायित्व का निर्वहन किया।

### विकास कार्यों में घटिया सीमेंट व रेत का इस्तेमाल

**भिलाई।** आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष जसप्रीत सिंह ने नगर निगम भिलाई के खुर्सीपार क्षेत्र में नगर उत्थान योजना के तहत चल रहे सड़क निर्माण कार्य में व्यापक भ्रष्टाचार, वित्तीय अनियमितताओं और गंभीर तकनीकी गड़बड़ियों को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंप उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। जसप्रीत सिंह ने कहा कि 100 मीटर के इस मार्ग के लिए तकनीकी रूप से एम-10 ग्रेड (1:3:6 अनुपात) का कंक्रीट मिश्रण अनिवार्य किया गया था, लेकिन ठेकेदार द्वारा मानकों को ताक पर रखकर बेहद कमजोर 1:5:9 अनुपात के मिश्रण का प्रयोग किया जा रहा है, जो सड़क की उम्र और मजबूती को सीधे तौर पर खत्म कर रहा है। मिलावट पारा गार्डन से ठाकुर गोदाम तक सड़क चौड़ीकरण के दौरान तय गहराई से बहुत कम खुदाई की गई थी। निगम प्रशासन द्वारा पूर्व में इस गड़बड़ी को पकड़ने पर बेस को उखाड़कर पुनः गहराई से खोदने का लिखित आदेश दिया गया था। इसके बावजूद ठेका एजेंसी ने आदेश को ठंडे बस्ते में डाल दिया और बिना बेस सुधारे काम को वैसे ही दबाया जा रहा है। इस मार्ग को दोनों ओर 2-2 मीटर चौड़ा किया जाना प्रस्तावित है। जबकि जमीनी हकीकत यह है कि सड़क के किनारों पर पहले से ही बिजली के खंभे और स्थायी ढांचे मौजूद हैं, जिससे चौड़ीकरण के लिए जगह ही उपलब्ध नहीं है। बिना किसी भौतिक सत्यापन के कागजों पर 44 लाख की फर्जी डीपीआर तैयार कर स्वीकृत करा दी गई, जो एक सोची-समझी वित्तीय साजिश है।

# मतभेद में उलझा कोसानाला का सीमांकन, सरकारी जमीन से नहीं हटा कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई नगर निगम के जोन क्रमांक 1 अंतर्गत आने वाले कोसानाला और उससे लगी सरकारी जमीन का सीमांकन मतभेज के चलते उटकता नजर आ रहा है। एक तरह जहां पार्षद हरिओम तिवारी पुराना नक्शा लेकर यह दावा कर रहे हैं कि नाला 32 मीटर चौड़ा है और उस नाले को राजस्व रिकार्ड में 16-16 मीटर चौड़ाई पर दो भाग में बांटकर उसका खसरा भी अलग अलग करके नए नक्शे में दर्शा दिया गया है। वहीं आरआई और पटवारियों से जब बात की गई तो उन्होंने बताया कि दुर्ग कलेक्टर से उनकी मीटिंग हुई है। उन्होंने कहा कि नाला 16 मीटर ही चौड़ा है। नाले का सीमांकन करके उससे लगती सरकारी जमीन खसरा नंबर 901, 1177 और 2040 का सीमांकन कर रिपोर्ट दें कि उसमें किसका किसका कितना एरिया में कब्जा है।

जब इस बारे में पार्षद हरिओम तिवारी से बात की गई तो उन्होंने कहा कि उनका एक ही धेय है कि उनके वार्ड से लगती जितनी भी बेशकमती सरकारी जमीन है उसमें से अवैध कब्जा खाली करवाकर वहां पौधारोपण, बच्चों के लिए प्ले ग्राउंड या लोगों को घूमने के लिए गार्डन जैसी चीजों का निर्माण कराया जाए। उनका कहना है कि जब तक अतिक्रमण नहीं हटेगा उनके वार्ड का विकास भी सही से नहीं हो पाएगा। उन्होंने बताया कि वो इस मुद्दे को लेकर दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह से भी बुधवार को जनदर्शन में मिले और उनसे बात भी की है। उन्होंने कलेक्टर से मांग की है कि इस जनहित के मुद्दे को गंभीरता के साथ जल्द से जल्द सुलझाएं और सरकारी जमीन पर हुए कब्जा को हटवाने की कार्रवाई करें, जिससे वहां विकास के कार्य किए जा सकें।

## सरकारी जमीन पर कब्जे को हटवाने की मांग



### 100 करोड़ से अधिक की सरकारी जमीन पर कब्जा

पार्षद हरिओम तिवारी का दावा है कि नाले और उससे लगती लगभग 8-9 एक सरकारी जमीन रिक्त पड़ी है। यदि पूरे नाले का सीमांकन करें तो तीन खसरा नंबर के साथ साथ अन्य जगहों पर भी सरकारी जमीन पर कब्जा निकलेगा। जिला प्रशासन की टीम को चाहिए कि नाले से लगती जमीन को कब्जामुक्त करवाएं। उन्होंने कहा कि भूमाफियाओं ने लगभग 100 करोड़ से अधिक कीमत की जमीन पर कब्जा करके रखा हुआ है।

## आयोजन : लोककल्याण ही सनातन की आत्मा: महंत सुरेंद्र दास

# धर्म स्तंभ कौंसिल का सेवा अभियान तेज पुरुषोत्तम मास में मठ-मंदिरों में जल सेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा




ज्येष्ठ और पुरुषोत्तम मास की भीषण गर्मी और तपती दोपहरी में मानवता की सेवा का एक अनुकरणीय उदाहरण सामने आया है,धर्म स्तंभ कौंसिल द्वारा संचालित "जल सेवा–जीवन सेवा" अभियान के अंतर्गत, राम जानकी मंदिर समिति, नवागढ़ द्वारा एकादशी के पावन अवसर पर एक विशाल सेवा शिविर का आयोजन किया गया,इस दौरान राहगीरों, श्रमिकों और श्रद्धालुओं को भीषण गर्मी से राहत देने के लिए शीतल छाछ एवं नींबू पानी का अनवरत वितरण किया गया।

उल्लेखनीय है कि धर्म स्तंभ कौंसिल ने पूर्व में प्रदेश के सभी मठ-मंदिरों, आश्रमों एवं धार्मिक संस्थाओं के लिए एक एडवाइजरी जारी की थी। इसमें भीषण गर्मी को देखते हुए जल सेवा, छाछ वितरण और शीतल पेय जैसे सेवा कार्य प्रारंभ करने का विशेष आह्वान किया गया था,कौंसिल के इसी लोककल्याणकारी आह्वान को धरातल पर उतारते हुए नवागढ़ में इस व्यापक सेवा अभियान का शंखनाद किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, महिलाओं और युवाओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई,राहगीरों को रोक-रोककर पूरी आत्मीयता के साथ शीतल पेय वितरित किया गया, जिसने न केवल लोगों की प्यास बुझाई बल्कि समाज में 'नर सेवा ही नारायण सेवा' का सशक्त संदेश भी दिया। राम जानकी मंदिर के महंत सुरेंद्र दास ने कहा सनातन धर्म केवल पूजा-पाठ और अनुष्ठानों तक सीमित नहीं है। सेवा, करुणा और लोककल्याण इसकी मूल आत्मा है। इस तपती गर्मी में किसी भी प्यासे कंठ को तृप्त करना सबसे बड़ा पुण्य कार्य है,हमारे मठ-मंदिरों को समाज सेवा और सकारात्मक चेतना का जीवंत केंद्र बनना चाहिए।" धर्म स्तंभ कौंसिल के सभापति ने बताया कि धर्म स्तंभ कौंसिल का मूल उद्देश्य मठ-मंदिरों को सीधे समाज की आवश्यकताओं से जोड़ना और सेवा आधारित सनातन चेतना का निर्माण करना है। 'जल सेवा–जीवन सेवा' अभियान केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनसेवा का हमारा आध्यात्मिक संकल्प है,आने वाले समय में पूरे प्रदेश के मंदिरों में इस अभियान को एक जन-आंदोलन का रूप दिया जाएगा।

### ये रहे उपस्थित

टीकाराम तुलसीदास, मिथलेश बिसेन 'मिंटू', अरुण बरनवाल, बबलू ताम्रकार, दिवाकर सिंह परिहार, कुमार वर्मा, भुवनेश्वरी वर्मा, बॉबी वर्मा, मोहित राजपूत, पीयूष सिंह, सागर साहब, हुलास सिंह, खेलन यादव, हरि सिन्हा, संतोष यादव, गोलू साहू, हरभजन सिंह टुटेजा, जनक राम साहू, प्रहलाद ध्रुव, रामनारायण पाठक, उमा मिश्रा, हेमलता साहू एवं हेमलता सिन्हा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक और धार्मिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कन्याओं को जन्म दीजिए और अच्छे संस्कार दीजिए : दण्डी स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

ग्राम अर्जुनी में चल रहे पंच कुण्डिय श्री रुद्र महायज्ञ एवं श्री शिव महापुराण कथा के चौथे दिन में दण्डी स्वामी श्री ज्योतिर्मयानंद सरस्वती जी महाराज ने कहा कि धन चाहिए तो शिव जी के मंदिर में दीपक जलाएं इसी से गुणनिधि कुबेर बन गए।

भगवान श्री शिव जी की कृपा से सृष्टि होती है शिव जी से ब्रह्मा जी उनसे 10 ऋषि उत्पन्न हुए फिर ब्रह्मा जी सृष्टि विस्तार का विचार करते हैं तब एक पुरुष उत्पन्न होते हैं वो हैं कामदेव सृष्टि विस्तार के लिए ब्रह्मा जी ने कामदेव को पांच बाण दिये। ब्रह्मा जी के पसीने से पितर उत्पन्न हुए। दक्ष के पसीने से रति उत्पन्न हुई। दक्ष जी से साठ कन्या उत्पन्न हुई जिनका अलग-अलग ऋषियों के साथ विवाह हुआ और सृष्टि का विस्तार हुआ। सभी लोग सुन्दर और सुशील बहू चाहते हैं पर बेटियों से परहेज करते हैं तो ये उचित नहीं है। इसलिए बेटियों का बहुत सम्मान करना चाहिए भ्रूण हत्या बहुत बड़ा पाप है जिसका प्रायश्चित नहीं है। कन्याओं को जन्म देना चाहिए और बहुत अच्छे संस्कार देना चाहिए सम्मान करना चाहिए। दक्ष ने तप किया और जगत जननी माता सती के रुप में दक्ष के घर प्रगट हुईं। चारों ओर सुख संपत्ति रिद्धि सिद्धि आनंद छा गया। देवर्षि नारद जी ने माता सती जी को शिव जी को पाने के लिए तप बताया। एकादशी को चावल भात खाने से पाप लगता है पर भगवान में चांवल चढ़ा सकते हैं पूजन कर सकते हैं। माता सती ने भगवान शिव जी को प्राप्त करने तप किया भगवान शिव जी प्रसन्न हुए और शिव और सती जी का विवाह होता है।

माता सती ने पूंछा कि भक्ति क्या है तब भगवान श्री शिव जी कहते हैं कि जिनके पास भक्ति होती है मैं उनके बस में हो जाता हूं । भक्ति दो प्रकार की है एक सगुण और दूसरा निर्गुण सगुण उपासना नौ प्रकार की है यही नवधा भक्ति है एक भी जीवन में आ गया तो उसका कल्याण हो जाता है। भगवान शिव जी सहज कृपा करते हैं एक शिकारी अनायास रात्रि जागरण करता है शिवरात्रि को बिल्व वृक्ष में शिकार करने जगते हैं बिल्व पत्र गिरता है और अनजाने में होने वाले पूजन से भगवान शिव जी प्रसन्न हो गए और वरदान दे दिए। भगवान श्री शिव जी ने कृपा करके मार्कण्डेय ऋषि को दीर्घायु वाले बना देते हैं।

# नवागढ़ विधानसभा में सर्व ब्राह्मण समाज के संगठन विस्तार की पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवागढ़

नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र में पहली बार सर्व ब्राह्मण समाज के बैनर तले बड़े स्तर पर सामाजिक संगठन निर्माण की पहल तेज हो गई है। समाज अब केवल पारंपरिक आयोजनों तक सीमित नहीं रहकर संगठित सामाजिक संरचना, संवाद और नेतृत्व निर्माण की दिशा में सक्रिय रूप से आगे बढ़ता दिखाई दे रहा है।

इसी क्रम में सबसे पहले नवागढ़ दीवान बाढ़ा में विकास धर दीवान के निवास पर विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख सामाजिक जनों की बैठक आयोजित की गई। इसके बाद ग्राम नारायणपुर और मारो में लगातार नांदघाट तहसील क्षेत्र के सामाजिक बैठकों का आयोजन हुआ, तत्पश्चात नवागढ़ में भी तहसील स्तरीय बैठक कर कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिनमें बड़ी संख्या में विप्र बंधुओं ने भाग लेकर संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करने का संकल्प लिया। बैठकों में प्रारंभिक कार्यकारिणी पदाधिकारियों का चयन भी किया गया तथा आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा हुई।

विधानसभा से तहसील स्तर तक बनेगा संगठन प्रदेश सचिव विकास धर दीवान ने जानकारी दी कि आगामी चरण में संगठन को व्यापक स्वरूप दिया जाएगा। इसके तहत नवागढ़ विधानसभा कार्यकारिणी के गठन के साथ-साथ नवागढ़, नांदघाट एवं दाढ़ी तहसील स्तरीय कमेटियों का गठन किया जा रहा है। इसके माध्यम से गांव स्तर तक सामाजिक संपर्क और गतिविधियों को व्यवस्थित करने की योजना बनाई गई है। उन्होंने बताया कि नवागढ़ एवं नांदघाट तहसील स्तरीय बैठकें सम्पन्न हो चुकी हैं, जिनमें कार्यकारिणी पदाधिकारियों का चयन भी किया गया है। साथ ही नवागढ़ नगर एवं मारो नगर की कार्यकारिणी का गठन भी जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान घोषित किया जाएगा।

**इन गांवों में बढ़ रही सक्रियताः** नांदघाट तहसील की बैठक में मारो, परसदा, नारायणपुर, गूंजेरा, दर्री, झुलना, नगधा, अमलीडीह, मगरघटा, तोहड़ी, टेमरी, घुरसेना, बुंदेली, कुरा सहित आसपास के गांवों में निवासरत ब्राह्मण समाज के लोगों को संगठन से जोड़ने का अभियान चलाया जा रहा है। वहीं नवागढ़ तहसील स्तरीय बैठक में नवागढ़ नगर के ब्राह्मणों के साथ साथ मुरता, अंधियारखोर, नांदल, गाड़मोर, घोघरा, खाम्ही, कामता, प्रतापपुर, धनौरा सहित दर्जनभर से अधिक गांव के विप्र बंधु शामिल हुए।

**31 मई को नवागढ़ बनेगा सामाजिक गतिविधियों का केंद्रः** विकास दीवान ने जानकारी दी कि 31 मई को नवागढ़ में राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा सहित प्रदेश एवं जिला स्तर के सर्व ब्राह्मण समाज के पदाधिकारियों का आगमन प्रस्तावित है। इस दौरान बड़ी संख्या में विधानसभा क्षेत्र के नवागढ़, नांदघाट एवं दाढ़ी तहसील क्षेत्र के ब्राह्मणों के जुटने का आसार लगाया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण बैठक में विधानसभा एवं तहसील पदाधिकारियों की घोषणा की जाएगी। कार्यक्रम को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं और क्षेत्र के सामाजिक जनों से अधिक से अधिक सहभागिता की अपील की जा रही है।

# सार्वजनिक और अवैध नल कनेक्शन का होगा सर्वे, बेवजह पानी बहाने वालों पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

## महापौर ने वार्डों में हो रहे विकास कार्यों की ली समीक्षा बैठक



महापौर अलका बाघमार ने निगम क्षेत्र के वार्ड 21 से 30 तक के पार्षदों के साथ महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक ली। बैठक में वार्ड 21 से 30 वार्डवार विकास कार्यों, मूलभूत सुविधाओं तथा जनसमस्याओं को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक में सड़क निर्माण, पाइप लाइन

■ पुलिया निर्माण और शौचालय की मांग

विस्तार, पाइप लाइन लीकेज, नाली एवं पुलिया निर्माण, मरम्मत, पोल, विद्युत व्यवस्था, सुलभ शौचालयों की मरम्मत सहित विभिन्न जनसमस्याओं पर एक-एक कर समीक्षा की गई। पार्षदों ने अपने-अपने वार्डों की समस्याओं एवं आवश्यकताओं को महापौर और आयुक्त के समक्ष रखते हुए त्वरित निराकरण की मांग की। महापौर अलका बाघमार ने बैठक में कहा कि नगर निगम का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं बेहतर तरीके से उपलब्ध कराना है।

उन्होंने कहा कि बेवजह बह रहे सार्वजनिक एवं अवैध रूप से नल कनेक्शनों का सर्वे कराया जाए तथा अनुपयोगी सार्वजनिक नलों को बंद कराने की कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में लगभग सभी घरों में व्यक्तिगत नल कनेक्शन उपलब्ध हैं, ऐसे में सार्वजनिक नलों से पानी की अनावश्यक बर्बादी रोकना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि निगम द्वारा पाइप लाइन सुधार एवं जल आपूर्ति व्यवस्था को मजबूत करने लगातार कार्य किया जा रहा है, जिसका सकारात्मक परिणाम अब दिखाई देने लगा है। महापौर ने कहा कि स्टेशन रोड दीपक नगर क्षेत्र में सड़क सीमा क्षेत्र अंतर्गत नाली के ऊपर बने अवैध रूप से अतिक्रमण को हटाया जाए। बैठक में लोक कर्म प्रभारी देव नारायण चन्द्राकर, लीना दिनेश देवांगन, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, नीलेश अग्रवाल, पार्षद मनीषा सोनी, मनोज सोनी, कार्यपालन अभियंता विनीता वर्मा, प्रकाश चंद थवानी, मो.सलीम सिद्दीकी, सहायक अभियंता गिरीश दीवान, संजय ठाकुर, हरिशंकर साहू, दुर्गेश गुप्ता, विनोद मांझी, पंकज साहू, अर्पणा मिश्रा सहित अन्य मौजूद थे।

### हाईजीनिक फूड जोन के 7 रिक्त स्टॉल की होगी नीलामी

मेनोनाईट चर्च के सामने संविधान पुस्तिका के पास स्थित नवनिर्मित हाईजीनिक फूड जोन के रिक्त 7 स्टॉलों 1, 2, 4, 5, 8, 9 एवं 10 को अस्थायी मासिक किराये पर दिए जाने हेतु नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा निविदा आमंत्रित की गई है। इच्छुक आवेदकों से बंद लिफाफे में ऑफर आमंत्रित किए गए हैं। 8 जून तक निविदा जमा की जा सकी है। केवल स्पीड पोस्ट अथवा रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से स्वीकार की जाएगी। निविदा प्रपत्र का मूल्य 300 रुपये निर्धारित किया गया है।

## पांच लाख से नाली निर्माण का हुआ भूमि पूजन

**भिलाई।** नगर पालिका परिषद जामुल में वार्ड 5 में पांच लाख रुपए की लागत से नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। इस दौरान नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्य करने के लिए राशि की कोई कमी नहीं है। यहां के हर वार्ड में प्राथमिकता के साथ विकास कार्य किया जा रहा है। पार्षद एवं वार्ड के निवासियों के मांग अनुरूप यह विकास कार्य हो रहा है। कई सारे विकास कार्य वार्डो में होना है। भूमिपूजन में वार्ड पार्षद दीपक गुप्ता, जामुल भाजपा मंडल के अध्यक्ष प्रशांत बंटी गुप्ता, महामंत्री ओमप्रकाश साहू, मनीष साहू, अंजेश अग्रवाल, दिलीप साहू मौजूद थे।

# उच्च उत्पादन लक्ष्य व बेहतर सुरक्षा पर जोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

■ सेल के सीएमडी पंडा ने बीएसपी के डीआईसी व अधिकारियों के साथ की बैठक

स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ. अशोक कुमार पंडा एक दिवसीय प्रवास पर बुधवार को भिलाई पहुंचे। उन्होंने भिलाई इस्पात संयंत्र के विजिट के साथ बीएसपी के निदेशक प्रभारी व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में सुरक्षा और उत्पादकत पर जोर दिया। संयंत्र के परिचालन तथा वित्तीय स्थिति की व समीक्षा की। भविष्य के लिए अधिक लक्ष्य निर्धारित करने, डायरेक्ट डिस्पैच बढ़ाने तथा सुरक्षा एवं उत्पादकता पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बताई। प्रारंभ में श्री महापात्र एवं संयंत्र के कार्यपालक निदेशकों द्वारा भिलाई निवास में श्री पंडा का स्वागत किया गया। सीआईएसएफ जवानों द्वारा उन्हें औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर भी प्रदान किया गया। इसके बाद उन्होंने इस्पात भवन में आयोजित उच्चस्तरीय सेल समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में डीआईसी सहित मुख्य महाप्रबंधक आदि वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। श्री पंडा ने डायरेक्ट डिस्पैच बढ़ाने, परिचालन दक्षता में सुधार लाने तथा सुरक्षा मानकों एवं उत्पादकता वृद्धि पर निरंतर फोकस बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर दिया। श्री महापात्र ने कहा कि भिलाई इस्पात संयंत्र से संगठन की अपेक्षाएँ काफी अधिक हैं।

## बस स्टैंड वाटर एटीएम में अनियमितता पर निगम सख्त

**दुर्ग।** भीषण गर्मी के दौरान आम नागरिकों, यात्रियों एवं जरुरतमंद लोगों को स्वच्छ एवं शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर निगम दुर्ग द्वारा शहर के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर स्थापित वाटर एटीएम पनघट का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। महापौर अलका बाघमार के निर्देशानुसार नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध कराने हेतु अधिकारियों को सतत मॉनिटरिंग के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में जल विभाग प्रभारी लीना दिनेश देवांगन ने जल विभाग के सहायक अभियंता गिरीश दीवान के साथ बस स्टैंड स्थित वाटर एटीएम का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शिकायत सही पाई गई कि वहां तैनात कर्मियों द्वारा नियमों के विपरीत बड़े कैनों में पानी भरकर विक्रय किया जा रहा था, जिससे आम नागरिकों एवं यात्रियों को समय पर स्वच्छ एवं शीतल पानी उपलब्ध होने में परेशानी हो रही थी। निरीक्षण में यह भी सामने आया कि अत्यधिक मात्रा में कैनों में पानी भरने के कारण पानी पर्याप्त फिल्ट्रेशन प्रक्रिया से नहीं गुजर पा रहा था, जिससे पानी की गुणवत्ता प्रभावित होने की संभावना बनी हुई थी।

## पेज 9 के शेष

### 4 कट्टा देशी चना चोरी ...

प्रस्तुत किया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक चंद्रदेव वर्मा, प्रधान आरक्षक अजय लहरे, विनोद पात्रे, आरक्षक मुकेश चंद्रवंशी, अशरफी खान, रमन चंद्राकर एवं थाना स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### व्यवसायिक परिसर के सामने ...

पर गिरते-गिरते बचा, जिससे बड़ा हादसा टल गया। इससे पहले भी एक पिकअप वाहन पुल के ऊपर पलटकर नीचे गिरने से बाल-बाल बचा था। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब जनप्रतिनिधि स्वयं सड़क किनारे कब्जा कर रहे हैं, तो अन्य लोग भी उसे अपना अधिकार समझते हुए अतिक्रमण करने लगे हैं। इससे नगर की सूरत बिगड़ती जा रही है।

HEALTH TOWN
DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### गंधर्व समाज साजा ब्लॉक पदाधिकारियों का चयन



**थान खम्हरिया।** नगर मे छ.ग.गंधर्व (गाड़ा) समाज के पदाधिकारीयो की आवश्यक बैठक आहूत किया गया जिसमे ब्लॉक ईकाई साजा के पदाधिकारियों का गठन किया गया। बैठक मे प्रमुख रूप से प्रांतीय उपाध्यक्ष नारद राम गंधर्व,जिला संरक्षक खम्हण सिंह गंधर्व, बेभेतरा जिला अध्यक्ष चन्द्रिका प्रसाद देवदास, जिला उपाध्यक्ष साहेब राम गंधर्व, जिला सचिव भूपेंद्र गंधर्व तथा ब्लाक से पधारे हुए समाजिक लोग शामिल हुए।साजा ब्लाक के मनोनीत पदाधिकारीगण ब्लाक अध्यक्ष जगदीश गंधर्व,उपाध्यक्ष धनश्याम गंधर्व,कोषाध्यक्ष सुरेश गंधर्व, सचिव गैंदराम गंधर्व,सह-सचिव रामकुमार गंधर्व,सलाहकार चुरामन गंधर्व, जीवन व बांके गंधर्व, महामंत्री धनश्याम गंधर्व, मिडिया प्रभारी छग्गन सिंह देवदास का सर्वसम्मति से मनोनित किया गया।समाज के प्रदेश व जिला पदाधिकारियों ने नवनियुक्त पदाधिकारीयो का तिलक लगाकर अबिनंदन कर शुभकामनाएं दी। प्रदेश उपाध्यक्ष नारद गंधर्व ने कहा कि शिक्षा सभ्य समाज की बुनियाद को गढता है इसलिए बच्चो को शिक्षित होना जरूरी है तथा हम सबकी जवाबदारी बनता है कि समाज हित मे अपनी भागीदारी को बखूबी निभाकर समाज को मुख्यधारा मे जोड़ने का कार्य करे। उन्होने कहा कि समाज के प्रति सक्रिय रूप से निष्ठापूर्वक अपने अपने कर्तव्यो का निर्वहन करेंगे तभी नई ऊंचाइयों तक पहुंचने मे हम कामयाब होंगे।

### अग्निवीर भर्ती परीक्षा में सफल हुए योगेश साहू

**नवागढ़।** मिश्रापारा निवासी विदेशी साहू के पुत्र योगेश साहू ने भारतीय सेना अग्निवीर भर्ती परीक्षा उत्तीर्ण कर नगर और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। योगेश की इस सफलता से क्षेत्र में खुशी का माहौल है। विवेकानंद विद्यालय के पूर्व छात्र योगेश साहू की उपलब्धि पर विद्यालय के संस्था प्रमुख विरेंद्र जायसवाल उनके निवास पहुंचे और छात्र सहित उनके माता-पिता को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह पूरे नगर के लिए गर्व का विषय है कि यहां का एक युवा भारतीय सेना में सेवा देने जा रहा है। संस्था प्रमुख ने कहा कि तीन माह के प्रशिक्षण के बाद जब योगेश सेना की वर्दी में नगर लौटेंगे, तब वह पल क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण होगा। विद्यालय परिवार ने योगेश की सफलता को अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक बताया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य नरेश कुमार साहू, शिक्षक गीतेश्वर यादव, भुनेश साहू, कमलेश साहू, रामेश्वर यादव तथा विद्यालय प्रबंधन से सीमा जायसवाल, खुशी मिश्रा, चंद्रकली यादव, रामेश्वरी बंजारे, राखी यादव, वर्षा यादव, अजय साहू, बीरेन्द्र महिलांग, शंकर सिन्हा और ताम्रध्वज साहू सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने योगेश साहू को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



## पर्व : जिलेभर में देर रात तक चलता रहा मुबारकबाद और दावतों का दौर

# जिले में अकीदत और भाईचारे के साथ मनी ईद-उल-अजहानमाज के बाद मुल्क में अमन-चैन और खुशहाली की मांगी दुआ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

त्याग, तपस्या और कुर्बानी के प्रतीक पवित्र पर्व ईद-उल-अजहा (बकरीद) को जिलेभर में शनिवार को पूरे धार्मिक उल्लास, अकीदत और भाईचारे के साथ मनाया गया। भीषण गर्मी और उमस के बावजूद मुस्लिम समाज के लोगों में त्योहार को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला।

सुबह से ही नए और पारंपरिक परिधानों में सजे अकीदतमंदों की भीड़ ईदगाहों और जामा मस्जिदों में उमड़ पड़ी, जहां विशेष नमाज अदा कर मुल्क में अमन-चैन, तरक्की और आपसी सौहार्द की दुआ मांगी गई। जिले के विभिन्न नमाज स्थलों पर प्रशासन एवं ईदगाह कमेटियों की ओर से पेयजल, टेंट-शामियाने और सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए थे। इमाम साहब की अगुवाई में नमाज अदा होने के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी।ईद- उल- अजहा की रौनक केवल जिला मुख्यालय तक सीमित नहीं रही, बल्कि थानखम्हरिया, देवकर, नांदघाट, सरदा, खण्डसरा, परपोड़ी, नवागढ़, कठिया-रांका, दाढ़ी, बारगांव, बासीन, खमतराई, बिरनपुर, मऊ-मलदा, कारेसरा, मोहगांव, हसदा, कोदवा और बेरला सहित जिले के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में भी पर्व को लेकर खास उत्साह देखने को मिला।

सुन्नत-ए-इब्राहिमी के तहत कुर्बानी की रस्म पूरी होने के बाद दोपहर से ही घरों में मेहमाननवाजी और दावतों का सिलसिला शुरू हो गया। शाम होते-होते पूरे जिले में त्योहार की रौनक और बढ़ गई। घर-घर से लजीज व्यंजनों की खुशबू फिजाओं में घुलती रही और लोग एक-दूसरे के घर पहुंचकर ईद की मुबारकबाद देते रहे। सुबह से देर रात तक चले मेल-मुलाकात, भाईचारे और मेहमाननवाजी के इस माहौल ने जिले में सामाजिक सौहार्द और गंगा-जमुनी तहजीब की खूबसूरत मिसाल पेश की।



ईद-ऊल-अजहा पर ईदगाह मे पढ़ी गई विशेष नमाज



**थान खम्हरिया।** नगर मे आज मुस्लिम समुदाय ने ईद- ऊल-अजहा का पर्व पारंपरिक रूप से मनाया स्थानीय ईदगाह मे सुबह 7.30 बजे हाफिज सैयद मुसीर रजां खान के अगुवाई मे विशेष नमाज अदा किया गया।सुबह करीब 7 बजे मुस्लिम समुदाय के दोग जिसमे बच्चे,बुजुर्ग व जवानो ने रंग बिरंगी पोशाक पहने नमाज अदा करने उत्साह के साथ ईदगाह की ओर रवाना हुए लोगो ने नभाज अदा करने के बाद एक दूसरे को गले लगकर मुबारकबाद भी दिये ,इन लोगो ने कब्रिस्तान पहूंचकर अपने पितरो के लिए भी दुआएं मांगी।

इस अवसर पर अपने तकरीर मे हाफीज सैयद मुसीर रजा खान ने कहा कि यह पर्व हमे ईब्राहिम और ईस्माईल अलैहिस्सलाम की त्याग व कुर्बानी की याद को ताजा ही नही करती है अपितु दुनिया के लिए नसीहत व सीख देती है उन्होने कहा कि कुर्बानी की परंपरा तो प्रतीकात्मक है इंशानो को अपने अंदर की बुराई व शैतानी फितरत को कुर्बान करने की जरूरत है सारी ईबादत इंशान की नियत पर टिकी हुई है अमल का दारोमदार नियत से ईसलिए नियत साफ रखे और खुदा का खौफ पैदा करे।उन्होने कहा की किसी त्योहार को मनाने का एक मकसद होता है खुदा हर इंशान की परीक्षा लेता है नियत ठीक रही तो लोग कामयाब हो जाते ठीक उसी तरह जिस तरह ईब्राहिम अलैहिस्सलाम की परीक्षा ली गयी,मौलाना ने कहा कि बुराई को त्याग कर अच्छाई को अंगीकार करने की जरूरत है यही ईबादत मे भी सुमार हो जाता है।नमाज पश्चात ईदगाह मे देश व दुनिया मे अमन शांति व भाईचारगी के पैगाम की दुआओ के साथ ही नगर मे पर्व को पारंपरिक ढंग से मनायी गयी।नगर के मुस्लिम मोहल्ले मे आज ईद-उल-अजहा पर रौनके दिखी लोगो ने एक दूसरे को गले मिलकर बधाई दिये।

## डाइट में डीएलएड वार्षिक परीक्षाएं शुरू पहले दिन 97वें छात्राध्यापक रहे उपस्थित



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा संचालित डीएलएड की वार्षिक परीक्षाएं मंगलवार से डाइट बेमेतरा में प्रारंभ हो गईं। पहले दिन डीएलएड प्रथम वर्ष के "बाल विकास और सीखना" विषय की परीक्षा आयोजित हुई, जिसमें सभी 97 छात्राध्यापक शामिल हुए। परीक्षा के पहले ही दिन शत-प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई तथा कोई भी परीक्षार्थी अनुपस्थित नहीं रहा। परीक्षा के दौरान छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के सदस्य जितेन्द्र सिंह एवं जिला शिक्षा अधिकारी जी.आर. चतुर्वेदी ने केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा शांतिपूर्ण, व्यवस्थित एवं नकलविहीन पाई गई।

अधिकारियों ने केंद्र की व्यवस्थाओं पर संतोष जताया। परीक्षा का समय प्रातः 9 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक निर्धारित किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी जी.आर. चतुर्वेदी ने विद्यार्थियों को परीक्षा के पहले दिन शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। डीएलएड वार्षिक परीक्षा के लिए सेजेस शिवलाल राठी विद्यालय बेमेतरा के प्राचार्य रामकुमार डड़सेना को केंद्राध्यक्ष तथा डाइट के वरिष्ठ व्याख्याता अनिल कुमार सोनी को सहायक केंद्राध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं कार्यालयीन सहयोगी की जिम्मेदारी सहायक ग्रेड-2 सत्येंद्र मिश्रा निभा रहे हैं।

परीक्षा संचालन के लिए डाइट परिसर में दो बड़े हॉल बनाए गए हैं। हॉल क्रमांक-1 में 60 तथा हॉल क्रमांक-2 में 37 परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था की गई है। परीक्षा व्यवस्था सुचारु बनाए रखने हेतु हॉल क्रमांक-1 में चार तथा हॉल क्रमांक-2 में तीन पर्यवेक्षकों की ड्यूटी लगाई गई। पर्यवेक्षक के रूप में डाइट के सहायक प्राध्यापक परसराम साहू, व्याख्याता थलज कुमार साहू, शिक्षक मोहन कुमार साहू, कविता सेन, ज्योति देवांगन, पदमा निर्मलकर एवं दिनेश मानिकपुरी अपनी सेवाएं दे रहे हैं।




## मैं हूं पक्षी मित्र : साल्हेपुर स्कूल की सराहनीय पहल, राष्ट्रीय बर्ड फीडर अभियान 2026 के तहत पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**बेमेतरा।** पर्यावरण संरक्षण एवं पक्षियों के संवर्धन के उद्देश्य से "मैं हूं पक्षी मित्र" राष्ट्रीय बर्ड फीडर अभियान 2026 के अंतर्गत प्राथमिक शाला साल्हेपुर, विकासखंड बेरला में प्रेरणादायी गतिविधि आयोजित की गई।

इस अभियान के माध्यम से विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों को पक्षियों के संरक्षण, जल संरक्षण तथा पर्यावरण संतुलन बनाए रखने का सुंदर संदेश दिया गया। प्रधान पाठक अम्बालिका पटेल ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान बच्चों एवं ग्रामीण महिलाओं ने पौधों के समीप पक्षियों के लिए दाना एवं पानी की व्यवस्था की। भीषण गर्मी में पक्षियों को भोजन और पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह पहल की गई, जिससे विद्यार्थियों में प्रकृति प्रेम, जीव-जंतुओं के प्रति संवेदनशीलता तथा सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित हो सके। विद्यालय परिवार द्वारा बच्चों को बताया गया कि वर्तमान समय में बढ़ते तापमान एवं पेड़ों की कमी के कारण पक्षियों को भोजन और पानी के लिए कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने घर, आंगन या खेतों में पक्षियों के लिए दाना-पानी रखे, तो अनेक पक्षियों का जीवन बचाया जा सकता है। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए अधिक से अधिक पौधारोपण करने एवं पक्षियों की सुरक्षा हेतु निरंतर कार्य करने का संदेश दिया। ग्रामीण क्षेत्र में चलाया गया यह अभियान लोगों के बीच प्रेरणा का केंद्र बना हुआ है। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक स्वर में संदेश दिया पक्षियों की रक्षा, प्रकृति की सुरक्षा, यही हमारा कर्तव्य है।




## सेवा, सम्मान और जनआशीर्वाद के बीच मना भाजपा नेता योगेश तिवारी का जन्मदिन, पिरदा में जुटे हजारों समर्थक



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा/बेरला

भाजपा किसान नेता एवं सर्व हिंदू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश तिवारी का जन्मदिन इस वर्ष सेवा, सम्मान और जनआशीर्वाद के माहौल में अत्यंत उत्साह एवं भव्यता के साथ मनाया गया। जन्मदिन के अवसर पर पिरदा स्थित सुखमई मैरिज पैलेस में विशाल कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में समर्थक, शुभचिंतक, कार्यकर्ता, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं क्षेत्रवासी शामिल हुए।

कार्यक्रम के दौरान समर्थकों ने योगेश तिवारी का आत्मीय स्वागत करते हुए उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं युवा संगठनों द्वारा योगेश तिवारी का सम्मान किया गया।

इस अवसर पर योगेश तिवारी ने सभी आगंतुकों, समर्थकों एवं शुभचिंतकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जनता से जो प्रेम, स्नेह और आशीर्वाद मिला है, वही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि जनता का यह अपनापन और विश्वास उन्हें सदैव समाज एवं क्षेत्र की सेवा के लिए प्रेरित करता रहेगा। उन्होंने कहा कि जीवन का उद्देश्य केवल व्यक्तिगत सफलता नहीं, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहयोग एवं सेवा पहुंचाना होना चाहिए। तिवारी ने कहा कि समाज में प्रेम, भाईचारा और संस्कारों को मजबूत करने की आवश्यकता है तथा सभी को मिलकर सामाजिक समरसता एवं सांस्कृतिक मूल्यों को आगे बढ़ाना चाहिए।

### सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों ने बांधा समां

जन्मदिन समारोह के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। आयोजन स्थल पर अनुशासन, आत्मीयता एवं उत्साह का विशेष माहौल देखने को मिला। लोगों ने योगेश तिवारी के स्वस्थ, सुखद एवं दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए उन्हें शुभाशीष प्रदान किया।







## नवागढ़ में एकादशी पर फल शर्बत वितरण व रामनाम कीर्तन



**नवागढ़।** ज्येष्ठ मास के पावन पुरुषोत्तम मास में एकादशी के अवसर पर राम जानकी मंदिर समिति नवागढ़ द्वारा श्रद्धालुओं के लिए फल एवं शर्बत वितरण का आयोजन किया गया। भीषण गर्मी के बीच आयोजित इस सेवा कार्य में बड़ी संख्या में भक्तजन शामिल हुए और समिति के इस पुण्य कार्य की सराहना की। इस अवसर पर मंदिर परिसर में रामनाम कीर्तन का भी आयोजन किया गया, जहां भक्तिमय माहौल में श्रद्धालु देर तक भजन-कीर्तन में लीन रहे। कार्यक्रम में महंत सुरेंद्र दास, सौरभ निर्वाणी, टीकाराम तुलसीदास, मिथलेश बिसेन मिंटू, अरुण बरनवाल, बबलू ताम्रकार, दिवाकर सिंह परिहार, कुमार वर्मा, भुवनेश्वरी वर्मा, बॉबी वर्मा, मोहित राजपूत, पीयूष सिंह, सागर साहब, हुलास सिंह, खेलन यादव, हरि सिन्हा, संतोष यादव, गोलू साहू, हरभजन सिंह टुटेजा, जनक राम साहू, प्रहलाद ध्रुव, रामनारायण पाठक, उमा मिश्रा, हेमलता साहू, हेमलता सिन्हा सहित नगर के गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे।